Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

Exam Date	11/02/2025
Exam Time	9:00 AM - 10:00 AM
Subject	Constable GD Examination 2025

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

Q.1 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई बादाम, खजूर नहीं है।
कोई खजूर, किशमिश नहीं है।
कोई खजूर, चेरी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई बादाम, किशमिश नहीं है।
(II): कुछ चेरी, किशमिश हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.2 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में (?) के स्थान पर क्या आएगा?

OAS, QCU, SEW, UGY, ?

Ans
✗ 1. WHB
✗ 2. VJB
✓ 3. WIA
✗ 4. VHZ

Q.3 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

27 − 6 ÷ 4 + 24 × 3 = ?

Ans
✓ 1. 43
✗ 2. 45
✗ 3. 44
✗ 4. 46

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. DBE
✗ 2. GDH
✗ 3. HEI
✗ 4. QNR

Q.5 शब्द HARMFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

Ans
1. 7 ✗
2. 5 ✗
3. 3 ✗
4. 4 ✓

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, EWHO एक निश्चित प्रकार से HZKR से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार OPQM, RSTP से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LTOG, दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. OWRJ ✓
2. IQLD ✗
3. IWLJ ✗
4. OQRD ✗

Q.7 एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) किया जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



Ans

1. ✓ 

2. ✗ 

3. ✗ 

4. ✗ 

Q.8 सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और M, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के बाईं ओर कोई व्यक्ति नहीं बैठा है। E और G के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, M के ठीक बाईं ओर बैठा है। K, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

Ans

✗ 1. E

✗ 2. M

✗ 3. G

✓ 4. K

Q.9 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
'

यदि 'P + Q ÷ R – S × T' है, तो उपरोक्त के आधार पर, P का T से क्या संबंध है?

Ans

✗ 1. मां

✗ 2. पत्नी की मां

✓ 3. पत्नी की बहन

✗ 4. बहन

Q.10 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।



Ans

✗ 1.



✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



Q.11 एक निश्चित कूट भाषा में, 'XEKP' को '6-25-19-14' के रूप में और 'UBHW' को '9-28-22-7' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'QCJR' के लिए कूट क्या होगा?

Ans

✗ 1. 10-23-19-9

✓ 2. 13-27-20-12

✗ 3. 14-28-22-10

✗ 4. 12-25-19-11

Q.12 नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। 12 वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या है?



Ans

✗ 1. 8

✗ 2. 7

✗ 3. 11

✓ 4. 9

Q.13 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

195 175 150 120 85 ?

Ans

✗ 1. 40

✓ 2. 45

✗ 3. 36

✗ 4. 30

Q.14 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सटीक रूप से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।

पुरुष, पिता, महिला

Ans

✓ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Q.15 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'we like trees' को 'bv mn fd' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'trees like water' को 'bv cx fd' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'we' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ 1. mn
✘ 2. bv
✘ 3. cx
✘ 4. fd

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

901 888 902 887 903 886 904 ?

Ans
✘ 1. 905
✘ 2. 884
✘ 3. 886
✔ 4. 885

Q.17 छह व्यक्ति, Q, R, S, T, U और Y, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। Y के बाएं से गिनने पर Q और Y के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। Y, R के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। U, Y के ठीक दाएं बैठा है। S, Y का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के दाएं से गिनने पर S और T के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. चार
✘ 3. एक
✘ 4. तीन

Q.18 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति उसके एक भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।



Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर NAVI एक निश्चित प्रकार से QCYK से संबंधित है। ZIHQ ठीक उसी प्रकार CKKS से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए IOQW दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans

✗ 1. LTYQ

✗ 2. LQYT

✗ 3. LOIU

✓ 4. LQTY

Q.20 अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखे जाने पर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।

E _ _ MXEGL _ _ _ GLM _ E _ _ MX

Ans

✗ 1. MGLXEXGL

✗ 2. GLMXEGXL

✗ 3. GMLXEXGL

✓ 4. GLMXEXGL

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन' ('NBHM') का लक्ष्य क्या था?

Ans

✗ 1. 'लाल क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

✓ 2. 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

✗ 3. 'काली क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

✗ 4. 'गुलाबी क्रांति' के लक्ष्य को हासिल करना

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-से संबंधित केंद्रीय मंत्रालय ने संसद में जम्मू और कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया?

Ans

✗ 1. आयुष मंत्रालय

✗ 2. रक्षा मंत्रालय

✗ 3. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

✓ 4. गृह मंत्रालय

Q.3 मयिलादुम्पराई (Mayiladumparai), जिसे 2022 में भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे पुराने लौह युग स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया था, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में है?

Ans

✗ 1. केरल

✗ 2. कर्नाटक

✓ 3. तमिलनाडु

✗ 4. महाराष्ट्र

Q.4 आदित्य प्रतीक सिंह सिसौदिया 'डीजे वाले बाबू' गाने से डेब्यू करने वाले रैपर हैं। उसका पेशेवर नाम क्या है?

Ans

✗ 1. ब्रोधा वी

✓ 2. बादशाह

✗ 3. यो यो हनी सिंह

✗ 4. रफ्तार

Q.5 यदि कोई मछली झींगा (shrimp) खाती है, तो ऊर्जा __________ स्थानांतरित हो जाती है।

Ans

✗ 1. उत्पादक से अपघटक में

✓ 2. प्राथमिक उपभोक्ता से द्वितीयक उपभोक्ता में

✗ 3. द्वितीयक उपभोक्ता से तृतीयक उपभोक्ता में

✗ 4. द्वितीयक उपभोक्ता से प्राथमिक उपभोक्ता में

Q.6 भारत में, राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान, निम्नलिखित में से कौन, विधान सभाओं के कार्यकाल को एक बार में अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा सकता है?

Ans

✗ 1. राज्यपाल

✓ 2. संसद

✗ 3. प्रधानमंत्री

✗ 4. मुख्यमंत्री

Q.7 बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने अगले ______ वर्षों के लिए इंडिया ओपन को सुपर 500 लेवल से अपग्रेड करके सुपर 750 लेवल कर दिया है।

Ans

✗ 1. नौ

✗ 2. सात

✓ 3. पाँच

✗ 4. तीन

Q.8 भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का कार्यालय किस मंत्रालय के अंतर्गत आता है?

Ans
- ✗ 1. वित्त मंत्रालय
- ✓ 2. गृह मंत्रालय
- ✗ 3. ग्रामीण विकास मंत्रालय
- ✗ 4. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

Q.9 भारत में हरित क्रांति के बाद कौन-सी क्रांति हुई, जिसमें फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया?

Ans
- ✗ 1. नीली क्रांति
- ✗ 2. श्वेत क्रांति
- ✗ 3. पीली क्रांति
- ✓ 4. स्वर्ण क्रांति

Q.10 रुक्मिणी देवी अरुंडेल निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ 1. कुचिपुड़ी
- ✓ 2. भरतनाट्यम
- ✗ 3. कथकली
- ✗ 4. ओडिसी

Q.11 किस भारतीय नर्तक/नर्तकी ने पाँच दिवसीय नृत्य मैराथन पूरी करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 2023 में पहचान प्राप्त की?

Ans
- ✗ 1. समायरा कौसर
- ✗ 2. संजुक्ता पाणिग्रही
- ✓ 3. सृष्टि सुधीर जगताप
- ✗ 4. जयश्री गोगोई

Q.12 बहिष्कृत हितकारिणी सभा (बहिष्कृतों के कल्याण हेतु संस्था) का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन था?

Ans
- ✓ 1. डॉ. बीआर अंबेडकर
- ✗ 2. डॉ. राजेंद्र प्रसाद
- ✗ 3. आत्माराम पांडुरंग
- ✗ 4. रबीन्द्रनाथ टैगोर

Q.13 RGNIYD (राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान) का प्रस्तावित नाम (proposed status) क्या था?

Ans
- ✗ 1. केंद्रीय विश्वविद्यालय (Central University)
- ✗ 2. क्षेत्रीय युवा विकास केंद्र (Regional Youth Development Centre)
- ✗ 3. अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन (International Youth Organisation)
- ✓ 4. मानित राष्ट्रीय युवा विश्वविद्यालय (Deemed National Youth University)

Q.14 इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में ऑरेंज कैप किसे दी जाती है?

Ans
- ✗ 1. लीग के उभरते खिलाड़ी को
- ✗ 2. लीग के सबसे युवा खिलाड़ी को
- ✓ 3. लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी को
- ✗ 4. लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को

Q.15 नमूना पंजीकरण प्रणाली 2020 के अनुसार, भारत में शिशु मृत्यु दर कितनी है?

Ans
- ✓ 1. प्रति हजार जीवित जन्मों पर 28
- ✗ 2. प्रति हजार जीवित जन्मों पर 19
- ✗ 3. प्रति हजार जीवित जन्मों पर 44
- ✗ 4. प्रति हजार जीवित जन्मों पर 31

Q.16 लगभग 300 मिलियन वर्ष पहले अस्तित्व में रहे पैंजिया (Pangaea) महाद्वीप के दक्षिणी आधे भाग का क्या नाम है?

Ans
✗ 1. नूना (Nuna)
✗ 2. पैनोशिया (Pannotia)
✗ 3. रोडिनिया (Rodinia)
✓ 4. गोंडवाना (Gondwana)

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का राष्ट्रीय पर्व नहीं है?

Ans
✗ 1. स्वतंत्रता दिवस
✓ 2. राष्ट्रीय एकता दिवस
✗ 3. गांधी जयंती
✗ 4. गणतंत्र दिवस

Q.18 अर्नेस्ट रदरफोर्ड को 1911 में किस प्रयोग को करने के लिए जाना जाता है?

Ans
✗ 1. डबल-स्लिट प्रयोग (Double-slit experiment)
✗ 2. प्लम पुडिंग प्रयोग (Plum pudding experiment)
✓ 3. गोल्ड फॉइल प्रयोग (Gold foil experiment)
✗ 4. ऑइल ड्रॉप प्रयोग (Oil drop experiment)

Q.19 5 अगस्त 2024 को किस व्यक्ति ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की?

Ans
✗ 1. शिवशंकर मेनन
✗ 2. मनोज गुप्ता
✗ 3. कटारगामा मेनन
✓ 4. अजीत डोभाल

Q.20 भारतीय संविधान के किस भाग में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है?

Ans
✗ 1. भाग II
✗ 2. भाग V
✓ 3. भाग IV
✗ 4. भाग III

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 अशोक के पास ₹1612 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों राज और वरुण के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 8% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि राज और वरुण को क्रमशः 14 और 15 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। अशोक ने राज को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✓ 1. 837
✗ 2. 687
✗ 3. 875
✗ 4. 775

Q.2 एक व्यक्ति 56 km/hr की चाल से हैदराबाद से चेन्नई जाता है तथा उसी मार्ग से 72 km/hr की चाल से हैदराबाद वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 61
✓ 2. 63
✗ 3. 60
✗ 4. 62

Q.3	दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 144 और 8 है। यदि उनमें से एक संख्या 16 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 73 ✗ 2. 70 ✗ 3. 74 ✓ 4. 72	

Q.4	राम, रवि और रीना किसी कार्य को क्रमशः 16, 20 और 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य शुरू किया लेकिन रवि ने कार्य पूरा होने से 5 दिन पहले कार्य करना छोड़ दिया। बाकी दोनों ने साथ मिलकर कार्य को कितने दिनों में पूरा किया?	
Ans	✗ 1. $10\frac{5}{34}$ दिन ✓ 2. $8\frac{4}{37}$ दिन ✗ 3. $12\frac{5}{48}$ दिन ✗ 4. $11\frac{6}{37}$ दिन	

Q.5	कंचन ने 153 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 78 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?	
Ans	✗ 1. 109% ✗ 2. 99% ✓ 3. 104% ✗ 4. 114%	

Q.6	30, 13, 180 और 234 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 2291 ✓ 2. 2340 ✗ 3. 2379 ✗ 4. 2409	

Q.7	एक वस्तु को ₹4,824 में बेचने पर एक आदमी को 20% का लाभ होता है। यदि वह इसे ₹6,000 में बेचे तो उसका लाभ प्रतिशत (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) क्या होगा?	
Ans	✗ 1. 32% ✓ 2. 49% ✗ 3. 40% ✗ 4. 53%	

Q.8	दो संख्याओं का गुणनफल 1,48,176 है तथा उनके LCM का मान 3,528 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।	
Ans	✗ 1. 36 ✓ 2. 42 ✗ 3. 32 ✗ 4. 51	

Q.9	एक कक्षा के 22 विद्यार्थियों की औसत आयु 47 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी सम्मिलित कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 48 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✓ 1. 70 ✗ 2. 69 ✗ 3. 71 ✗ 4. 67	

Q.10	पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 85% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 11% की वृद्धि हो?	
Ans	✔ 1. 40%	
	✘ 2. 60%	
	✘ 3. 46%	
	✘ 4. 53%	

Q.11	वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर गोपाल ₹5400 की राशि का निवेश करता है और अक्षय ₹10200 की राशि का निवेश करता है। यदि 4 वर्ष के अंत में, अक्षय को गोपाल से ₹720 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✔ 1. 3.75	
	✘ 2. 1.75	
	✘ 3. 2.75	
	✘ 4. 5.75	

Q.12	75, 45, 180 और 110 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।	
Ans	✘ 1. 9946	
	✘ 2. 9856	
	✔ 3. 9900	
	✘ 4. 9817	

Q.13	एक दुकानदार एक मेज का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित करता है तथा 25% की छूट देता है। यदि उसे फिर भी ₹450 का लाभ होता है, तो मेज का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?	
Ans	✘ 1. 9,500	
	✘ 2. 8,000	
	✔ 3. 9,000	
	✘ 4. 8,500	

Q.14	5√24, 3√10 और 3√15 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।	
Ans	✘ 1. 3	
	✔ 2. 4.5	
	✘ 3. 4	
	✘ 4. 3.5	

Q.15	दो ट्रेनें 110 km/h और 140 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं से आ रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 140 m है। उन्हें एक दूसरे को पार करने में 5 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) दशमलव के 2 स्थानों तक ज्ञात कीजिए।	
Ans	✘ 1. 205.65	
	✔ 2. 207.22	
	✘ 3. 209.67	
	✘ 4. 208.21	

Q.16	अनुपात 43 : 91 के दोनों पदों से घटाई जा सकने वाली संख्या ज्ञात कीजिए जिससे कि अनुपात 3 : 7 हो जाए।	
Ans	✘ 1. 5	
	✘ 2. 4	
	✘ 3. 6	
	✔ 4. 7	

Q.17 एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से किसी स्थान तक 60 km/h की औसत चाल से यात्रा करता है और 30 km/h की औसत चाल से वापस आता है। तो पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 40
✗ 2. 55
✗ 3. 50
✗ 4. 45

Q.18 एक आभूषण के मूल्य में प्रति वर्ष 5% की कमी आती है। यदि आभूषण का वर्तमान मूल्य ₹12,500 है, तो 2 वर्ष बाद इसका मूल्य कितना होगा?

Ans
✗ 1. ₹11,250
✗ 2. ₹11,325
✗ 3. ₹11,315.50
✔ 4. ₹11,281.25

Q.19 यदि 10% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹93 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2425
✔ 2. 3000
✗ 3. 3420
✗ 4. 4200

Q.20 7 cm त्रिज्या के एक गोलाकार पात्र को पेंट करने की लागत ₹18,480 है। प्रति वर्ग सेंटीमीटर की दर से पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ 1. ₹32
✗ 2. ₹31
✗ 3. ₹33
✔ 4. ₹30

Section : **Part-D-English**

Q.1 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Keen

Ans
✗ 1. Understanding
✗ 2. Acceptable
✔ 3. Indifferent
✗ 4. Tolerant

Q.2 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
✗ 1. Policy
✗ 2. Police
✗ 3. Issue
✔ 4. Adress

Q.3 Select the appropriate synonym of the given word.

Elusive

Ans
✗ 1. Definite
✗ 2. Obvious
✗ 3. Clear
✔ 4. Evasive

Q.4	**Select the most appropriate synonym of the given word.** **Proud**	
Ans	✗ 1. Sad ✗ 2. Happy ✓ 3. Haughty ✗ 4. Hyper	

Q.5	**Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.** **Deepa is __________ worried about you.**
Ans	✓ 1. deeply ✗ 2. sadly ✗ 3. brightly ✗ 4. gracefully

Q.6	**Select the most appropriate option to fill in the blank.** **The ___________ design of the new energy-efficient appliances has reduced electricity consumption significantly.**
Ans	✓ 1. innovative ✗ 2. innovativeness ✗ 3. innovation ✗ 4. innovates

Q.7	**Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.** **Although Tania and her friend are <u>poles apart</u>, they still love each other.**
Ans	✗ 1. imperfect by all means ✗ 2. completely similar ✓ 3. completely different and opposite ✗ 4. arrogant and cruel

Q.8	**The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.** **Mr. Joe remarked / that the audience / brightly listened / to the speech.**
Ans	✓ 1. brightly listened ✗ 2. Mr. Joe remarked ✗ 3. to the speech ✗ 4. that the audience

Q.9	**Select the most appropriate option to fill in the blank.** **Each of the students __________ completed their assignments.**
Ans	✗ 1. were ✓ 2. has ✗ 3. will ✗ 4. are

Q.10 Select the INCORRECTLY spelt word

Ans
- ✗ 1. Violent
- ✓ 2. Refuggee
- ✗ 3. Honestly
- ✗ 4. Probably

Q.11 Select the most appropriate meaning of the given word.

Resilience

Ans
- ✗ 1. The confidence to go abroad alone without any help
- ✗ 2. The determination to laugh at one's own self
- ✗ 3. The ability to defeat anyone in argument
- ✓ 4. The ability to deal with any kind of hardship and recover from its effects

Q.12 Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

They decided to <u>hit the nail on the head</u> with their solution.

Ans
- ✗ 1. make the wrong decision
- ✗ 2. avoid the problem
- ✓ 3. find exactly the right answer or solution
- ✗ 4. guess the outcome

Q.13 Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence and rectify it. If no correction is needed, select 'No correction required'.

The cake (was baking) in the oven when I arrived.

Ans
- ✗ 1. baked
- ✗ 2. No correction required
- ✓ 3. was being baked
- ✗ 4. was baked

Q.14 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Salvage

Ans
- ✗ 1. Rescue
- ✗ 2. Extricate
- ✓ 3. Forfeit
- ✗ 4. Glean

Q.15 Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

Last week, while walking in the garden, I saw a toddler who was sleeping in the pram.

Ans
- ✗ 1. Last week, while
- ✗ 2. I saw a toddler who
- ✓ 3. was sleeping in the pram.
- ✗ 4. walking in the garden,

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The ancient Egyptians (1)_____ pyramids as tombs for their pharaohs. These colossal structures served as monuments and (2)____ constructed with limestone and granite. The main purpose of the pyramids (3)____ to safeguard the pharaoh's body and possessions in the afterlife. The (4)______ famous pyramid, the Great Pyramid of Giza, is a testament to the architectural brilliance (5)____ the ancient Egyptians.

SubQuestion No : 16

Q.16 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

Ans

✗ 1. construct

✓ 2. built

✗ 3. structure

✗ 4. make

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The ancient Egyptians (1)_____ pyramids as tombs for their pharaohs. These colossal structures served as monuments and (2)____ constructed with limestone and granite. The main purpose of the pyramids (3)____ to safeguard the pharaoh's body and possessions in the afterlife. The (4)______ famous pyramid, the Great Pyramid of Giza, is a testament to the architectural brilliance (5)____ the ancient Egyptians.

SubQuestion No : 17

Q.17 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

Ans

✗ 1. is

✗ 2. was

✓ 3. were

✗ 4. had been

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The ancient Egyptians (1)_____ pyramids as tombs for their pharaohs. These colossal structures served as monuments and (2)____ constructed with limestone and granite. The main purpose of the pyramids (3)____ to safeguard the pharaoh's body and possessions in the afterlife. The (4)______ famous pyramid, the Great Pyramid of Giza, is a testament to the architectural brilliance (5)____ the ancient Egyptians.

SubQuestion No : 18

Q.18 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

Ans

✗ 1. were

✓ 2. was

✗ 3. are

✗ 4. is

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The ancient Egyptians (1)_____ pyramids as tombs for their pharaohs. These colossal structures served as monuments and (2)____ constructed with limestone and granite. The main purpose of the pyramids (3)____ to safeguard the pharaoh's body and possessions in the afterlife. The (4)______ famous pyramid, the Great Pyramid of Giza, is a testament to the architectural brilliance (5)____ the ancient Egyptians.

SubQuestion No : 19

Q.19 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

Ans

✗ 1. least

✗ 2. very

✓ 3. most

✗ 4. little

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The ancient Egyptians (1)_____ pyramids as tombs for their pharaohs. These colossal structures served as monuments and (2)____ constructed with limestone and granite. The main purpose of the pyramids (3)____ to safeguard the pharaoh's body and possessions in the afterlife. The (4)______ famous pyramid, the Great Pyramid of Giza, is a testament to the architectural brilliance (5)____ the ancient Egyptians.

SubQuestion No : 20

Q.20 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

Ans

✗ 1. on

✓ 2. of

✗ 3. in

✗ 4. off

Section : **Part-D-Hindi**

Q.1 'राजा ने भिक्षुक को अपने यहाँ ________ दिया ।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति तत्सम शब्द द्वारा कीजिए।

Ans

✗ 1. आसरा

✗ 2. आश्रम

✓ 3. आश्रय

✗ 4. आशय

Q.2 रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित विकल्प चुनिए।

गुलाब का कोई भी नाम रख दो गंध ही देगा।

Ans

✗ 1. चुभन

✓ 2. सुगंध

✗ 3. दुर्गंध

✗ 4. काँटे

Q.3 निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द का चुनाव करें।
जो बूढ़ा न हो

Ans

✗ 1. अमर

✗ 2. हृष्ट

✗ 3. युवा

✓ 4. अजर

Q.4 वर्तनी की दृष्टि से दिए गए वाक्य के किस अंश में त्रुटि है चयन करें?
अनिष्ठ की आशंका से नीमा का कलेजा काँप उठा।

Ans

✗ 1. नीमा का कलेजा

✓ 2. अनिष्ठ की

✗ 3. काँप उठा।

✗ 4. आशंका से

Q.5 हम स्वाधीन भारत में रहते हैं।

रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए।

Ans

✓ 1. पराधीन

✗ 2. अधीन

✗ 3. श्रेष्ठ

✗ 4. गुलाम

oliveboard

Q.6	मुहावरे और उसके अर्थ के लिए सही विकल्प चुनें। अंग-अंग ढीला होना	
Ans	✗ 1. बिल्कुल नहीं थकना ✓ 2. थक जाना ✗ 3. अंग टूटना ✗ 4. थककर सो जाना	

Q.7	वह बच्चा सामने जा रहा है जिसने तुम्हारी किताब फाड़ दी थी। वाक्य में निहित विशेषण है।	
Ans	✗ 1. अनिश्चयवाचक सार्वनामिक ✓ 2. संबंधवाचक सार्वनामिक ✗ 3. संकेतवाचक सार्वनामिक ✗ 4. प्रश्नवाचक सार्वनामिक	

Q.8	**निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान करें।** **चौपाल पर पिताजी गाँव के बढ़े-बूढ़ों के साथ हुक्का पीते हैं।**	
Ans	✗ 1. पिताजी ✓ 2. बढ़े-बूढ़ों ✗ 3. हुक्का ✗ 4. चौपाल	

Q.9	निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- वह <u>छोड़कर चला भोजन</u> गया।	
Ans	✗ 1. चला भोजन छोड़कर ✗ 2. भोजन चला छोड़कर ✓ 3. भोजन छोड़कर चला ✗ 4. छोड़कर चला	

Q.10	वाक्य के रेखांकित शब्द को नीचे दिये गये शब्दों में से सर्वोचित शब्द से परिवर्तित करें- अधिक खा लेने के <u>चलते</u> मेरा हाल आज बुरा है।	
Ans	✗ 1. बदले ✗ 2. वास्ते ✗ 3. संग ✓ 4. कारण	

Q.11	'मैं कभी किसी __________पर नहीं गयी'| उचित सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्म से वाक्य पूर्ण करें-	
Ans	✗ 1. नदी-नाले ✗ 2. घर-बार ✓ 3. पहाड़-वहाड़ ✗ 4. जमीन-समीन	

Q.12 **निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चिन्हित शब्द का पर्यायवाची अर्थ लिखें।**
भैया ने इस बात का खंडन किया कि दहेज लेना-देना हमारी परंपरा है।

Ans
1. गंभीरता ✗
2. अस्वीकार ✓
3. त्रास ✗
4. ह्रास ✗

Q.13 **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग नहीं है?**

Ans
1. वचन ✗
2. याचना ✓
3. आवास ✗
4. समाज ✗

Q.14 **निम्नलिखित में से किस वाक्य में एक दूसरे के उचित विलोम शब्द का प्रयोग नहीं है?**

Ans
1. ऐच्छिक और वैकल्पिक एक दूसरे के विलोम हैं। ✓
2. योगी और भोगी एक दूसरे के विलोम हैं। ✗
3. उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण एक दूसरे के विलोम हैं। ✗
4. उत्कर्ष और अपकर्ष एक दूसरे के विलोम हैं। ✗

Q.15 **'निर्झर एवं प्रपात' पर्याय हैं-**

Ans
1. नदी के ✗
2. झील के ✗
3. झरने के ✓
4. सरोवर के ✗

Comprehension:

प्रश्न संख्या 16 से 20 तक इसी अनुच्छेद से करें।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था के संबंध में बहुलवादियों की धारणा है कि यह एक सामाजिक राजनीतिक _______(1) है जिससे राज्य शक्ति में बहुसंख्यक व्यक्तिगत समुदाय इन्टरेस्ट आर्गनाइजेशन तथा _______ (2) भाग लेते हैं। इसके अनुसार सम्प्रभुता का विभिन्न समुदायों में ________विभाजन(3) होना चाहिए। एक तरह से इस सिद्धांत को Classical प्रजातन्त्र और 'Elitist' के प्रजातांत्रिक विचारों का ________(4)मान सकते हैं। सिद्धान्त व्यक्ति की नैतिक योग्यता को नहीं ________(5) है।

SubQuestion No : 16

Q.16 **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(1)**

Ans
1. परिणाम ✗
2. व्यवस्था ✗
3. क्रम ✗
4. प्रणाली ✓

Comprehension:

प्रश्न संख्या 16 से 20 तक इसी अनुच्छेद से करें।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था के संबंध में बहुलवादियों की धारणा है कि यह एक सामाजिक राजनीतिक _______(1) है जिससे राज्य शक्ति में बहुसंख्यक व्यक्तिगत समुदाय इन्टरेस्ट आर्गनाइजेशन तथा _______ (2) भाग लेते हैं। इसके अनुसार सम्प्रभुता का विभिन्न समुदायों में ________विभाजन(3) होना चाहिए। एक तरह से इस सिद्धांत को Classical प्रजातन्त्र और 'Elitist' के प्रजातांत्रिक विचारों का ________(4)मान सकते हैं। सिद्धान्त व्यक्ति की नैतिक योग्यता को नहीं ________(5) है।

SubQuestion No : 17

Q.17 **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(2)**

Ans
1. सदस्य ✗
2. प्रतिनिधि ✓
3. व्यक्ति ✗
4. दूत ✗

Comprehension:

प्रश्न संख्या 16 से 20 तक इसी अनुच्छेद से करें।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था के संबंध में बहुलवादियों की धारणा है कि यह एक सामाजिक राजनीतिक _______(1) है जिससे राज्य शक्ति में बहुसंख्यक व्यक्तिगत समुदाय इन्टरेस्ट आर्गनाइजेशन तथा _______ (2) भाग लेते हैं। इसके अनुसार सम्प्रभुता का विभिन्न समुदायों में ________विभाजन(3) होना चाहिए। एक तरह से इस सिद्धांत को Classical प्रजातन्त्र और 'Elitist' के प्रजातांत्रिक विचारों का ________(4)मान सकते हैं। सिद्धान्त व्यक्ति की नैतिक योग्यता को नहीं ________(5) है।

SubQuestion No : 18

Q.18 **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(3)**

Ans

✗ 1. अंतरण

✗ 2. विभाजन

✗ 3. वितरण

✓ 4. अनुकरण

Comprehension:

प्रश्न संख्या 16 से 20 तक इसी अनुच्छेद से करें।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था के संबंध में बहुलवादियों की धारणा है कि यह एक सामाजिक राजनीतिक _______(1) है जिससे राज्य शक्ति में बहुसंख्यक व्यक्तिगत समुदाय इन्टरेस्ट आर्गनाइजेशन तथा _______ (2) भाग लेते हैं। इसके अनुसार सम्प्रभुता का विभिन्न समुदायों में ________विभाजन(3) होना चाहिए। एक तरह से इस सिद्धांत को Classical प्रजातन्त्र और 'Elitist' के प्रजातांत्रिक विचारों का ________(4)मान सकते हैं। सिद्धान्त व्यक्ति की नैतिक योग्यता को नहीं ________(5) है।

SubQuestion No : 19

Q.19 **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(4)**

Ans

✓ 1. मिश्रण

✗ 2. गणना

✗ 3. विभाजन

✗ 4. लेखन

Comprehension:

प्रश्न संख्या 16 से 20 तक इसी अनुच्छेद से करें।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था के संबंध में बहुलवादियों की धारणा है कि यह एक सामाजिक राजनीतिक _______(1) है जिससे राज्य शक्ति में बहुसंख्यक व्यक्तिगत समुदाय इन्टरेस्ट आर्गनाइजेशन तथा _______ (2) भाग लेते हैं। इसके अनुसार सम्प्रभुता का विभिन्न समुदायों में ________विभाजन(3) होना चाहिए। एक तरह से इस सिद्धांत को Classical प्रजातन्त्र और 'Elitist' के प्रजातांत्रिक विचारों का ________(4)मान सकते हैं। सिद्धान्त व्यक्ति की नैतिक योग्यता को नहीं ________(5) है।

SubQuestion No : 20

Q.20 **रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनें।(5)**

Ans

✗ 1. समझता

✓ 2. आँकता

✗ 3. देखता

✗ 4. मानता